आकाशवाणी केन्द्र शिमला

01.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

सम्मेलन

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार अगले वित्त वर्ष से शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाने जा रही है। वे शिमला में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रधानाचार्य सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार शैक्षणिक संस्थाओं को सुदृढ़ कर रही है क्योंकि गुणात्मक शिक्षा प्रदान किए बिना छात्रों को दी गई डिग्रियों की उपयोगिता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य शिक्षा में भी गुणात्मक बदलाव लाए जा रहे हैं और इस वर्ष इस क्षेत्र के लिए 5 सौ करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने भी सम्मेलन को संबोधित किया।

अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण उत्पादों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है। ऊना में आज ईट–राइट मेले के शुभारम्भ पर उन्होंने कहा कि इस पहल से स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। अग्निहोत्री ने ईट–राइट मेले को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और ज़िला प्रशासन को ऊना ज़िले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में इस तरह के आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने ये भी कहा कि ज़िले में विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं और हर खेत तक पानी पहुंचाने के लिए 2 हज़ार करोड़ रूपए की परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है।

सरस मेला

इधर, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मज़बूती के लिए शिमला के रिज मैदान पर 10 दिवसीय सरस मेला व फूड फैस्टिवल आज शुरू हुआ।। ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने इस फैस्टिवल का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि मेले में ग्रामीण क्षेत्र के उत्पादों और हिमाचली व्यंजनों को शामिल किया गया है जिससे पर्यटकों को हिमाचल की संस्कृति जानने का अवसर मिलेगा। इस मेले में हिमाचल सहित विभिन्न राज्यों के उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए हैं।

दीक्षांत समारोह

सोलन ज़िले के नौणी स्थित बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय ने आज अपना दीक्षांत समारोह मनाया। समारोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने 8 सौ 16 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं। समारोह में 12 स्वर्ण पदक भी दिए गए। अपने संबोधन में राज्यपाल ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि आज बेटियां उच्च शिक्षा व शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं जो एक सकारात्मक संकेत है क्योंकि कृषि, बागवानी व वानिकी में महिलाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि बेटियों का बढ़ता वर्चस्व बेहतर भारत के निर्माण में दूरगामी भूमिका निभाएगा। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से शोध व अनुसंधान के कार्यों से उन्नत तकनीकों के बारे में किसानों को जागरूक करने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात पर भी संतोष जताया कि विश्वविद्यालय ने प्राकृतिक खेती प्रणाली अपनाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। दीक्षांत समारोह में बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी भी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर राजेश्वर चंदेल ने संस्थान की उपलब्धियों की जानकारी दी।

विश्व एड्स दिवस

आज विश्व एड्स दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन दुनिया भर में लोगों को एच. आई.वी. के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने और एच.आई.वी. पीडित लोगों के प्रति समर्थन व्यक्त करने का भी अवसर प्रदान करता है। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस जागरूकता बढ़ाने, उपचार के लिए अधिकार–आधारित दृष्टिकोण को बढ़ावा देने और एच.आई.वी. से प्रभावित लोगों के खिलाफ भेदभाव को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

एड्स दिवस–2

विश्व एड्स दिवस पर शिमला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा कि एच.आई.वी. से निपटने और समग्र स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए पिछले 2 वर्षों में कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि लक्षित व्यक्तियों को जागरूकता, जांच और दवाएं समान रूप से प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एच.आई.वी. जागरूकता और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए 'कार बिन' पहल की भी शुरूआत की। इसके तहत पहले चरण में 4 हज़ार टैक्सियों को 'कार बिन' निशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे। राज्य में चरणबद्ध तरीके से सभी 30 हज़ार टैक्सियों को कवर करने की योजना है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने एच.आई.वी. को समाप्त करने के लिए जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन पर सरकार की प्रतिबद्धता जताई। इससे

पहले मुख्यमंत्री ने विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता मैराथन को भी हरी झण्डी दिखाई।

<u>बाली</u>

राज्य पर्यटन निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र में गुणवत्ता को प्राथमिकता दे रही है। कल देर शाम टांडा मैडिकल कॉलेज में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को घरद्वार पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

..........................................................